
# महंत स्वामी महाराज के जीवन से लें प्रेरणा

## मोहन भागवत हुए शामिल, भक्तिभाव के साथ जीवन उत्कर्ष महोत्सव का शुभारंभ, देश-विदेश के श्रोताओं ने लिया भाग

**जबलपुर 3 नवंबर. बीएपीएस स्वामी नारायण संस्था द्वारा आयोजित पांच दिवसीय जीवन उत्कर्ष महोत्सव का भव्य शुभारंभ होटल विजन महल, मंडला रोड, तिलहरी में अत्यंत भक्तिभाव और उत्साह के साथ हुआ.**



यह आयोजन स्वामी महाराज के पवित्र जन्मस्थान पर आयोजित हो रहा है, जो संस्कारधानी जबलपुर के लिए ऐतिहासिक और गौरवपूर्ण अवसर रहा. कार्यस्त्र5म के प्रथम दिवस के मुख्य अतिथि मोहन भागवत (सरसंघचालक, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ) रहे. उन्होंने अपने प्रेरक उद्बोधन में महंत स्वामी महाराज के जीवन से प्रेरणा लेने राष्ट्र निर्माण में आध्यात्मिकता के योगदान पर प्रकाश डाला. प्रात:कालीन सत्र में पूज्य आदर्शजीवन स्वामी द्वारा महंत चरितम विषय पर प्रेरणादायक पारायण संपन्न हुई. देश-विदेश से सैकड़ों श्रोताओं ने इसमें भाग लिया और स्वामी महाराज के आदर्श जीवन से आत्मिक प्रेरणा प्राप्त की. स्वामी महाराज बीएपीएस संस्था के वर्तमान आध्यात्मिक गुरु हैं, जिन्होंने अपना सम्पूर्ण जीवन सेवा, साधना, सत्संग और संस्कार के प्रसार के लिए समर्पित किया.

> संस्था की विश्वव्यापी सेवा प्रवृत्ति के संयोजक वरिष्ठ संत ईश्वरचरण स्वामी ने आशीर्वाद प्रदान करते हुए जबलपुर भूमि की गरिमा का वर्णन किया. इस उत्सव में 4 नवंबर को मुख्यमंत्री मोहन यादव के आगमन की घोषणा की गई. इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अन्य वरिष्ठ पदाधिकारीगण भी उपस्थित रहे. पूज्य आत्मतृप्त स्वामी ने संस्कृति के ज्योतिर्धर प्रमुख स्वामी महाराज विषय पर प्रेरक वक्तव्य का लाभ दिया था. इसके साथ विश्ववंदनीय संत प्रमुख स्वामी महाराज के जीवन पर साहित्य अकादमी द्वारा प्रकाशित पुस्तक संत विभूति प्रमुख स्वामी महाराज का लोकार्पण भी हुआ. इस अवसर पर इस पुस्तक के लेखक विद्वान संत महा महोपाध्याय भद्रेशदास स्वामीजी ने कृतज्ञता ज्ञापित की. आबूधाबी स्थित हिंदू मंदिर के संचालक संत ब्रह्मबिहारी स्वामी ने भी प्रासंगिक उद्बोधन किया. बीएपीएस के संतों द्वारा मनोहर कीर्तन-भजन एवं प्रेरणादायक प्रवचनों से वातावरण भक्तिमय बन गया. कार्यक्रम में जबलपुर एवं आसपास के क्षेत्रों से हजारों हरिभक्तों ने भाग लिया. प्रथम दिन का आयोजन सफल और प्रेरणादायी रहा, जिसने आनेवाले चार दिनों के लिए श्रद्धा और उत्साह का पवित्र वातावरण निर्मित किया. जबलपुर का यह जीवन उत्कर्ष महोत्सव केवल एक आध्यात्मिक आयोजन नहीं, बल्कि महंत स्वामी महाराज के जीवन-संदेश को जन-जन तक पहुँचाने का एक पुण्य प्रयास सिद्ध हो रहा है.

# बिहार में एनडीए की सरकार जरूरी : शर्मा

### सांसद ने दरभंगा में किया कार्यकर्ताओं को संबोधित

**पटना/भोपाल 3 नवंबर. सांसद आलोक शर्मा ने सोमवार को बिहार के दरभंगा जिले की हायाघाट विधानसभा क्षेत्र से एनडीए के प्रत्याशी डॉ. रामचंद्र प्रसाद के समर्थन में कार्यकर्ताओं को संबोधित किया.**




करते हुए कहा कि बिहार की जनता में विधानसभा चुनाव को लेकर भारी उत्साह है. यहां की जनता ने एनडीए गठबंधन की सरकार में विकास और जनकल्याण के कार्यों को देखा है. नीतीश कुमार ने बिहार में विकास के बड़े बड़े काम भी शुरू किए हैं और बिहार से जंगलराज भी खत्म किया है. हमें इस बात का विशेष ध्यान रखना होगा कि परिवारवाद की बेल बिहार में फिर से न पनप पाए. बिहार विकास की दौड़ में भारत का एक नंबर का राज्य बने इसलिए फिर एक बार एनडीए गठबंधन की सरकार जरूरी है. उन्होंने कहा कि जनता में उत्साह है फिर से यहां एनडीए गठबंधन की सरकार बनने जा रही है. श्री आलोक शर्मा ने एनडीए प्रत्याशी डॉ. रामचन्द्र प्रसाद को भारी मतों से विजयी बनाने की अपील भी की.

सांसद आलोक शर्मा ने दरभंगा जिले की हायाघाट विधानसभा क्षेत्र के चारों मंडलों में बूथ अध्यक्षों और पोलिंग एजेंट और रिलीवर एजेंट्स के सम्मेलनों को संबोधित किया. सांसद शर्मा ने बूथ अध्यक्ष और उनके पूरी टीम में चुनावी जोश भरते हुए प्रबंधन के टिप्स दिए. उन्होंने कहा इस बार का विस चुनाव बिहार की दिशा तय करेगा. बूथ की टीम को अनुशासन में रहकर समय पर मतदान केंद्र पर पहुंचना है. मॉकड्रिल में भाग लेना है. अंत में जब मतदान समाप्त हो तो फॉर्म 17 (सी) लेकर ही वहां से वापस होना है.



# ट्रैक्टर रैली से हाईवे पर 4 किमी तक जाम

### किसानों ने टेक्सटाइल फैक्ट्री का विरोध किया

### कलेक्ट्रेट को घेरा, ज्ञापन सौंपा

**नीमच, 3 नवंबर. नीमच में किसानों ने मोरवन कस्बे में निर्माणाधीन टेक्सटाइल फैक्ट्री के विरोध में प्रदर्शन किया. सोमवार को निकाली गई उनकी ट्रैक्टर रैली को पुलिस और प्रशासन ने बायपास पर रोका, जिससे किसान और पुलिस आमने-सामने आ गए.**

बड़ी संख्या में किसानों ने ट्रैक्टर रैली के साथ नीमच की ओर कूच किया. पुलिस द्वारा बायपास पर रोके जाने के बाद गुस्साए किसान धरने पर बैठ गए, जिससे हाईवे पर चार किलोमीटर लंबा जाम लग गया.

किसान कलेक्टर को ज्ञापन देने पर अड़े थे. काफी मशक्कत के बाद प्रशासन ने उन्हें जिला मुख्यालय से चार किलोमीटर दूर ट्रैक्टर छोडकर पैदल कलेक्ट्रेट तक जाने की अनुमति दी. किसानों का समूह पैदल कलेक्ट्रेट पहुंचा और अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट (एडीएम) बीएल कलेश को ज्ञापन सौंपा.

किसानों ने ज्ञापन में बताया कि मोरवन बांध से सैकड़ों गांवों के खेतों को सिंचाई के लिए पानी मिलता है, साथ ही 50 गांवों में पेयजल की आपूर्ति भी होती है. उनका आरोप है कि फैक्ट्री को बांध का आधा पानी दिए जाने से जनजीवन के लिए गंभीर जल संकट पैदा होगा. इसके अलावा, फैक्ट्री से पानी और खेती के साथ-साथ बड़े पैमाने पर वायु प्रदूषण भी होगा, जिसे वे बर्दाश्त नहीं करेंगे.

दूसरी ओर, प्रशासन के अधिकारियों ने किसानों से भ्रमित न होने की अपील की. उन्होंने आश्वासन दिया कि फैक्ट्री के कारण किसी भी तरह का प्रदूषण नहीं होने दिया जाएगा.

### किसानों की समस्याओं को लेकर 6 को धरना प्रदर्शन

**सीधी.** प्रदेश के किसानों की बदहाल स्थिति और प्राकृतिक आपदा से हुई भारी फसल हानि को लेकर कांग्रेस पार्टी द्वारा एक विशाल धरना प्रदर्शन का आयोजन 6 नवंबर को किया जा रहा है. यह धरना कार्यक्रम सीधी कलेक्ट्रेट के सामने स्थित वीथिका भवन प्रांगण में सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक आयोजित होगा. इस आंदोलन का नेतृत्व कांग्रेस कार्यसमिति सीडब्ल्यूसी के सदस्य एवं पूर्व मंत्री कमलेश्वर पटेल जी करेंगे. बीते दो हफ़्तों में प्रदेश के कई ज़िलों, विशेष रूप से सीधी, रीवा, शहडोल, मऊगंज, मैहर और सतना में किसानों की फसलें बेमौसम भारी वर्षा और प्राकृतिक आपदा के कारण पूरी तरह नष्ट हो चुकी हैं.

# घर के सामने से बाइक चुराकर भागे चोर

**छिंदवाड़ा.** चोर सूने माकन में चोरी की वारदात को अंजाम देते है लेकिन थाना चौरई के क्षेत्र अंतर्गत ग्राम झिलमिली में अज्ञात चोरों ने रात के समय घर के सामने खड़ी दो बाइक पर हाथ साफ कर दिया. क्षेत्रवासियों का कहना है कि अब लोगो के घरों में भी अब बाइक सुरक्षित नहीं. प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना चौरई क्षेत्र में सिवनी -छिंदवाड़ा हाइवे मार्ग में ग्राम झिलमिली में है जहां चारो ने बड़े ही संयोजित रूप से चोरी की वारदात को अंजाम दिया है. बता दे कि हुई रविवार की देर रात 2 से 3 बजे लीगभग मुकेश वर्मा के घर के सामने खड़ी बाइक क्रमांक एमपी 28 एम जेड 1905 चोरी कर फरार हो गए.

# राज्यपाल ने किया 76वें टीबी सील अभियान का शुभारंभ

**भोपाल, 3 नवम्बर . राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा है कि टी.बी. उन्मूलन के लिए सबसे प्रभावी उपाय जन-जागरूकता है। हर नागरिक की जिम्मेदारी है कि वह टी.बी. जागरूकता कार्यक्रमों में भागीदारी करे और इसके उन्मूलन में सहयोग दे।**



उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मूलमंत्र सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबके प्रयास से टी.बी. मुक्त भारत अभियान सफल होगा। देश और प्रदेश टी.बी. मुक्त बनेंगे। राज्यपाल पटेल सोमवार को मध्यप्रदेश टी.बी. एसोसिएशन द्वारा आयोजित 76वें टी.बी. सील अभियान के शुभारंभ अवसर पर संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने टी.बी. मरीजों को पौष्टिक आहार वितरित किया और निक्षय मित्रों, चिकित्सकों, दानदाताओं एवं समाजसेवी संस्थाओं का सम्मान किया।

राज्यपाल ने नागरिकों से अपील की कि वे अपनी क्षमता के अनुसार टी.बी. रोगियों की सहायता करें, क्योंकि मानवता की सेवा ही जीवन का सच्चा उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि पीड़ितों की मदद करना पुण्य का कार्य है, जिससे ईश्वर का आशीर्वाद प्राप्त होता है। उन्होंने अभियान की थीम हाँ, हम टी.बी. को समाप्त कर सकते हैं की सराहना की और टी.बी. एसोसिएशन सहित सभी संबंधित विभागों को निरंतर प्रयासों के लिए बधाई दी। राज्यपाल ने कहा कि टी.बी. एक संक्रामक रोग है,

> कार्यक्रम में राज्यपाल का स्वागत टी.बी. एसोसिएशन के अध्यक्ष जयपाल सचदेव ने पुष्पगुच्छ एवं शॉल भेंट कर किया। विधायक भगवानदास सबनानी ने टी.बी. रोग के उपचार, पौष्टिक आहार वितरण और जनजागरूकता के प्रयासों की सराहना की। भोपाल नगर निगम अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी ने कहा कि उचित इलाज और जागरूकता से टी.बी. को समाप्त किया जा सकता है। कार्यक्रम में सीएमएचओ डॉ. मनीष शर्मा, सचिव डॉ. मनोज वर्मा, कोषाध्यक्ष अभिजीत देशमुख, टी.बी. एसोसिएशन के पदाधिकारी, चिकित्सक, निक्षय मित्र और समाजसेवी उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय भावना जागृत करने समरसता का वातावरण जरूरी

**राजगढ ,03 नवम्बर. पूर्व सांसद लक्ष्मण सिंह ने देश की राजनीति पर धर्म और समाज को बॉटने का स्वार्थी ठीकरा फोडते हुयें कहा कि जब सभी धर्म और समाज के लोगों में समरसता नही होंगी तो देश कैसे आगे बढ़ेगा ?**



उन्होंने कहा कि राष्ट्रहित को सर्वोपरी मानकर राष्ट्रीय भावना जागृत करने के लिये समरसता का वातावरण बनाने की जरूरत है। जनप्रतिनिधियो का भी दायित्व बनता है कि समरसता के माध्यम से किसानों बेरोजगारों की समस्याओं को संवाद के माध्यम से रोजगार सृजन ही नहीं बल्कि सरकार को कर्ज से बहार निकाले दरअसल सांसद सिंह द्वारा 5 को राधौगढ़ से रुठियाई तक समरसता यात्रा निकाली जा रही है। कांग्रेस की राजनिति मे रहकर वे-बाक बयानों में हमेंशा चर्चित रहने वाले लक्ष्मण सिंह की यह कोई पहली यात्रा नहीं बल्कि इसके पूर्व सांसद और विधायक के पदों पर रहकर राजगढ संसदीय क्षेत्र मे 5 बार पैदल यात्रायें निकाल चुके है।

# अग्नि सुरक्षा मानकों में लापरवाही, दो प्रतिष्ठान सील

## कलेक्टर के निर्देशन में जिले में औद्योगिक, व्यावसायिक व भंडारण प्रतिष्ठानों का जांच अभियान जारी

**इंदौर. कलेक्टर शिवम वर्मा के निर्देशन में इंदौर जिले में अग्नि सुरक्षा के मानकों की समीक्षा के लिए विशेष जांच अभियान चलाया जा रहा है.**



वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा जिले में औद्योगिक, व्यावसायिक और भंडारण प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया जा रहा है. अग्नि सुरक्षा उपकरणों की अनुपलब्धता तथा अनियमितताएं पाये जाने पर प्रभावी कार्रवाई की जा रही है.

इसी सिलसिले में सोमवार को सांवेर क्षेत्र में बड़ी कार्रवाई की गई. सांवेर एसडीएम घनश्याम धनगर एवं दल द्वारा राहुखेड़ी, सांवेर स्थित तारा केमिकल्स का निरीक्षण किया गया. फैक्ट्री में अग्निशमन यंत्रों की व्यवस्था नहीं पाये जाने और फायर प्लान नहीं होने से मौके पर ही फैक्ट्री को सील किया गया.

इसी प्रकार जूनी इंदौर क्षेत्र में एसडीएम प्रदीप सोनी के दल द्वारा ग्राम मुसाखेड़ी स्थित बीसी डाई कैंम वेयरहाउस की जाँच में अग्नि सुरक्षा उपकरणों की अनुपलब्धता पायी गई तथा लाइसेंस नवीनीकरण भी नहीं पाया गया, जिससे वेयरहाउस को सील किया गया.

**अभियान सतत जारी रहेगा**

कलेक्टर शिवम वर्मा ने सभी उद्योगपतियों और व्यापारिक प्रतिष्ठान संचालकों से आग्रह किया है कि वे अपने संस्थानों में अग्नि सुरक्षा उपकरणों की नियमित जांच कराएं और सुरक्षा के सभी प्रावधानों का पालन सुनिश्चित करें. जिले में जाँच अभियान सतत जारी रहेगा. जाँच में अनियमितता पाये जाने पर वैधानिक कार्रवाई की जायेगी.

# नकली नोटों का अंतरराज्यीय गिरोह पकड़ा, सरगना गिरफ्तार

**मंदसौर. मंदसौर पुलिस ने नकली/जाली नोटों के अंतर्राज्यीय गिरोह का पर्दाफाश करते हुए गिरोह के सरगना गुरजीत सिंह उर्फ गुरिंदरजित सिंह निवासी पटियाला (पंजाब) को गिरफ्तार कर लिया है.**



पुलिस ने पंजाब के सनौर स्थित उसके घर में चल रहे नकली नोट छापने के कारखाने पर छापा मारकर लाखों रुपये के नकली नोट एवं उपकरण जब्त किए. जप्त सामग्री में ड़4 लाख के नकली नोट, 6 मोबाइल, एक वरना कार और नोट बनाने की मशीनें शामिल हैं. आरोपी अपने घर पर कंप्यूटर और प्रिंटर की मदद से नोट छापकर मध्यप्रदेश, राजस्थान, हरियाणा और पंजाब में सप्लाई करता था. पुलिस ने बताया कि आरोपी ने यह तकनीक यूट्यूब से सीखी थी. अब तक इस मामले में कुल 5 आरोपियों रियाज नियारगर, निसार पटेल, दीपक गर्ग, संदीप बसैती और प्रिंस अहलावद को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है. गिरोह से अब तक 18 लाख रुपये का मशरूका जब्त किया गया है.

# अभयारण्य से मिलेगी विकास को गति

## सीएम ने ओंकारेश्वर अभ्यारण्य की घोषणा कर खंडवा जिले को दी बड़ी सौगात

**खंडवा 3 नवंबर. मध्यप्रदेश स्थापना दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने ओंकारेश्वर अभयारण्य की घोषणा कर खण्डवा जिले को एक बड़ी सौगात दी है.**

ओंकारेश्वर अभयारण्य से खण्डवा जिले के विकास को गति मिलेगी. यह प्रदेश का 27वां अभयारण्य होगा. इस अभयारण्य का कुल क्षेत्रफल 611.753 वर्ग किलोमीटर होगा,जिसमें खण्डवा जिले का 343.274 वर्ग किलोमीटर एवं देवास जिले का 268.479 वर्ग किलोमीटर वन क्षेत्र शामिल होगा. डूब क्षेत्र को अभयारण्य से बाहर रखा गया है, जिससे स्थानीय मछुआरों और ग्रामीणों की आजीविका प्रभावित न हो. ओंकारेश्वर अभयारण्य में असम से जंगली भैंसे और गैंडे लाने की योजना पर भी काम चल रहा है. मध्यप्रदेश जैव-विविधता के क्षेत्र में अग्रणी है. प्रदेश में चीतों का सफल पुनर्स्थापन हो चुका है, अब नौरादेही अभयारण्य में नामीबिया से आए चीते छोड़े जाएंगे. वन विभाग की कार्ययोजना के अनुसार सामान्य वनमंडल खंडवा के अंतर्गत पुनासा, मूंदी, चांदगढ़, बलड़ी परिक्षेत्र तथा देवास वनमंडल के सतवास, कांटाफोड़, पुंजापुरा और उदयनगर परिक्षेत्र शामिल होंगे. ओंकारेश्वर अभयारण्य में कोई भी राजस्व ग्राम एवं वनग्राम शामिल नहीं है.

> ओंकारेश्वर अभयारण्य में पर्यावरण संरक्षण के साथ पर्यटन और ग्रामीण विकास को भी प्राथमिकता दी गई है. यहां होटल और रिसॉर्ट की स्थापना, पशुधन एवं कुक्कुट फार्मों का विकास,लघु वनोपज का संग्रहण, सड़कों का चौड़ीकरण, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन जैसी गतिविधियां की जाएंगी. पर्यटकों के आगमन से स्थानीय लोगों के साथ सांस्कृतिक आदान-प्रदान बढ़ेगा, जिससे पारंपरिक जीवनशैली, खानपान और धार्मिक मान्यताओं के प्रसार के साथ सामाजिक और सांस्कृतिक गतिविधियों का भी विस्तार होगा.

# सीसुब अकादमी में राष्ट्रीय संगोष्ठी आयोजित

**ग्वालियर.** सीमा सुरक्षा बल अकादमी टेकनपुर में आज से दो दिवसीय सीमा संवाद पर राष्ट्रीय संगोष्ठी की शुरूआत हुई. इस सीमा संवाद संगोष्ठी का शुभारंभ अकादमी के निदेशक एडीजी डा. शमशेर सिंह ने किया. बीएसएफ द्वारा आयोजित इस सीमा संगोष्ठी में सीमा प्रबेधन में भविष्य में आने वाली चुनौतियों तकनीकी नवाचारों पर विचार विमर्श करना है. इस संगोष्ठी में देश की प्रतिष्ठित संस्थाओं जैसे मनोहर पर्रिकर रक्षा अध्ययन एवं विश्लेषण संस्थान गृह मंत्रालय का सीमा प्रबंधन प्रभाग, राष्ट्रीय तकनीकी अनुसंधान संगठन, रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन, एनआईए तथा विभिन्न राज्यों के पुलिस बल के वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया.

# सतना-मैहर जिले के बैंकों में 60 करोड़ की राशि अदावाकृत

### रीवा संभाग कमिश्नर बीएस जामोद ने की समीक्षा

**सतना, 3 नवंबर. कमिश्नर रीवा संभाग बीएस जामोद की समीक्षा के दौरान अग्रणी जिला प्रबंधक गौतम शर्मा द्वारा जानकारी दी गई कि सतना जिले के कुल 1 लाख 21 हजार खातों में 47 करोड़ रूपये एवं मैहर जिले के कुल 35 हजार खातों में 13 करोड़ रूपये की राशि अदावाकृत हो गई है.**

अग्रणी जिला प्रबंधक द्वारा जानकारी दी गई कि किसी भी खाते में 10 वर्ष तक लेन-देन न होने पर जमा राशि अदावाकृत स्टेज पर पहुंच कर भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा संचालित जमाकर्ता शिक्षा और जागरूकता कोष में स्थानांतरित हो जाती है.

वर्तमान में केंद्र सरकार द्वारा आपकी पूंजी आपका अधिकार अभियान संचालित किया जा रहा है. जिससे अदावाकृत जमा राशि को अपनी बैंक शाखा में आधार कार्ड एवं साधारण फॉर्म भरकर अपने खाते में वापस ली जा सकती है. यदि जमाकर्ता की मृत्यु हो गई है तब भी वारिस मृतक दावा फॉर्म भरकर अपनी जमाराशि पर दावा कर सकते है. इस अवसर पर 21 खाताधारकों के लगभग 37 लाख रुपए खातों में पुन: सक्रिय भी कराए गए.

### शुरुआत 11.8 करोड़ की लागत से तैयार एमपी पॉवर मैनेजमेंट कंपनी के नवनिर्मित भवन का किया लोकार्पण

# मुख्यमंत्री ने किया प्रकाश भवन का शुभारंभ

**जबलपुर, 3 नवंबर. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सोमवार 3 नवंबर को भोपाल के अरेरा कॉलोनी में स्थित एमपी पॉवर मैनेजमेंट कंपनी के नवनिर्मित भवन का फीता काटकर लोकार्पण किया.**



इस अवसर पर ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर, महापौर मालती राय, अपर मुख्य सचिव ऊर्जा नीरज मंडलोई, एमपी पॉवर मैनेजमेंट कंपनी के प्रबंध संचालक श्री अविनाश लवानिया, सचिव ऊर्जा श्री विशेष गढ़पाले, मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के प्रबंध संचालक क्षितिज सिंघल, समाजसेवी राहुल कोठारी, रविन्द्र यति सहित कंपनी के वरिष्ठ अभियंता उपस्थित थे. एमपी पॉवर मैनेजमेंट कंपनी का प्रकाश भवन 11.8 करोड़ की लागत से तैयार आधुनिक तकनीक से निर्मित चार मंजिला इमारत है जिसका नाम प्रकाश भवन रखा गया है. प्रशासनिक गतिविधियों को और अधिक रफ़्तार देने तथा विकास की नई रोशनी विकसित करने के लिए कंपनी व सरकार का यह अभिनव प्रयास है.

### गुणवत्तापूर्ण आपूर्ति के लिए होगा सहायक

> भवन को कार्यकुशलता एवं समन्वय को ध्यान में रखते हुए विकसित किया गया है. प्रकाश भवन में एम.पी पावर मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड, राज्य की तीनों विद्युत वितरण कंपनियों (डिस्कॉम्स), मध्यप्रदेश पावर जनरेशन कंपनी लिमिटेड और मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड एवं उनके निदेशक मंडलों की बैठकें सुविधाजन रूप से होंगी. नवीन भवन ऊर्जा क्षेत्र में प्रशासनिक समन्वय को सुदृढ़ करने, कार्यों की प्रभावी निगरानी सुनिश्चित करने था राज्य में विश्वसनीय एवं गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति के लिए त्वरित निर्णय प्रक्रिया को सक्षम बनाने में सहायक होगा. गौरतलब है कि भवन में आंतरिक साज-सज्जा, कार्यालय फर्नीचर, वातानुकूलन, अग्निशमन प्रणाली एवं अन्य आवश्यक सुविधाएँ उपलब्ध हैं. नवीन भवन अत्याधुनिक वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग प्रणाली से सुसज्जित है, जिससे राज्य के दूरस्थ क्षेत्रों में स्थित विद्युत कंपनियों की विद्युत आपूर्ति की स्थिति एवं कार्यों की समीक्षा करने में आसानी होगी.

# हमेशा अधिवक्ताओं को समझा अपना परिवार

### मप्र उच्च न्यायालय के न्यायाधीश विशाल धगट बोले

**जबलपुर, 3 नवंबर. मप्र उच्च न्यायालय बार के पूर्व अध्यक्ष वरिष्ठ अधिवक्ता स्व. रमन पटेल के चित्र का अनावरण सोमवार को मप्र उच्च न्यायालय के सिल्वर जुबली हॉल के आदर्श सभागृह में किया गया. जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में मप्र उच्च न्यायालय के न्यायाधीश विशाल धगट शामिल हुए.**



श्री धगट ने स्व. रमन पटेल के व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वे हमेशा अधिवक्ताओं को अपना परिवार समझते थे एवं उनके सुख दुख में शामिल होते थे. श्री पटेल का जाना न्याय विधि के क्षेत्र में बहुत बड़ी क्षति है. जिसकी पूर्ति कभी नही हो सकती है. कार्यक्रम की अध्यक्षता मप्र उच्च न्यायालय बार के अध्यक्ष धन्यकुमार जैन ने की श्री जैन ने स्व. रमन पटेल के बारे में बताया उनका जाना किसी बड़े भाई के जाने के समान है और उनका मार्गदर्शन नेतृव हमेशा अधिवक्ताओं के आशीर्वाद का काम करता था. कार्यक्रम में मौजूद मप्र राज्य अधिवक्ता परिषद के कोषाध्यक्ष अधिवक्ता मनीष तिवारी, उच्च न्यायालय बार एसो. के पूर्व अध्यक्ष अधिवक्ता संजय वर्मा, सचिव परितोष त्रिवेदी जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष मनीष मिश्रा पूर्व अध्यक्ष नरेंद्र जैन के साथ स्व. रमन पटेल के पुत्र रूपेश पटेल, उपाध्यक्ष अमित जैन, प्रशांत अवस्थी, प्रशांत मिश्रा मौजूद थे.